डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसीओई–533/CoE-24Vol-V/TSMMCH/MBBS-Exam-March.26/DSMNRU/2025–26 दिनांक18 .03.2026

## MBBS-3rd Proff. Part-II-Exam-March,2026 के लिये परीक्षा आवेदन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ के प्राचार्य द्वारा प्रेषित पत्र संख्या TSMMCH/Stu/2026/69 दिनांक 07.03.2026 के क्रम में M.B.B.S.पाठ्यक्रम–बैच–202–21 के संबंधित शेष 03 परीक्षार्थियों (अनुक्रमांक–2001247021, 2001247012 एवं 2001247063) की MBBS3rd Proff. Part-II-Examination-March, 2026 की परीक्षा–आयोजन की प्रकियान्तर्गत, संबंधित पात्र परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे पत्र निर्गत होने की तिथि से 04 कार्यदिवस में अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक भरते हुए **परीक्षा आवेदन को ऑन–लाइन भरना सुनिश्चित करेंगे।**

01). इस संबंध में आवेदित अभ्यर्थियों/संबंधित सम्बद्ध संस्था से अपेक्षित है कि वे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Fee Account) के नाम से संचालित खाता संख्या **36510100000003** (IFSC-BARB0MOHAAN) में निर्धारित परीक्षा शुल्क धनराशि को मात्र RTGS/NEFT (अन्य कोई माध्यम नहीं) के माध्यम से ऑनलाइन जमा (संबंधित संस्था/महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क को संकलित रूप से भी जमा किया जा सकता है) करेंगे। परीक्षा शुल्क सहित ऑन लाइन आवेदन को पूर्ण रूप से online submit/जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी/संस्थान की होगी। आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे। विद्यार्थीगण, ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

02). ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु **हेल्पलाइन नं0**–9667277184 तथा Email-dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करेंगे। उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

18/03/26

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
5. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ को इस आशय से कि उपरोक्त परीक्षा हेतु संगत अभिलेखों सहित 03 संबंधित परीक्षार्थियों की पात्रता–सूची को परीक्षा आवेदन भराये जाने से पूर्व तथा ऑन लाइन आवेदन हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करें तथा आवेदन की हार्ड–कॉपी जमा किये गये शुल्क संबंधी संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण शुल्क से संबंधित अभिलेख के साथ परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय अनिवार्य रूप से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
6. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
7. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग।
8. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुपालनार्थ।
9. गार्ड फाइल।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक